# स्वागत करें तुम्हारा | By Suraj Kumar

माथे पे तिलक करने आया जगत ये सारा
रघुकुल के रघुनन्दन स्वागत करें तुम्हारा
भगवा कलर का ध्वज लगता अवध में प्यारा
रघुकुल के रघुनन्दन स्वागत करें तुम्हारा

है सत्य ये सनातनी श्री राम जी की भूमि
सुन्दर लगे सिंहासन दुनिया खुशी से झूमी
धरती पे आज उतरा है चाँद और सितारा
रघुकुल के रघुनन्दन स्वागत करें तुम्हारा

सीता जी साथ आई लक्ष्मण भी साथ आये
हनुमान जी खुशी है अपना गदा उठाये
श्री राम जी के नाम का गूंजे सदा जयकारा
रघुकुल के रघुनन्दन स्वागत करें तुम्हारा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a4-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-suraj-kumar/